# राजीव गांधी की जयंती पर युवा कांग्रेस ने की संगोष्ठी

**हमारे दूरदर्शी नेताओं की सोच का नतीजा है कि आज हम कंप्यूटर और इंटरनेट से दुनिया को आगे बढ़ते देख रहे : शेषनारायण ओझा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के ने संगोष्ठी का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब स्व. प्रधानमंत्री आधुनिकीकरण की ओर अपने कदम बढ़ाते हुए देश में कंप्यूटर लाने का दृढ़ निश्चय किया। उस वक्त जो लोग आज कंप्यूटर और मोबाइल का प्रयोग से सत्ता का भोग भोग रहे हैं, वे सभी इस विकास यात्रा पर विधवा विलाप कर रहे थे। युवा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा कि यह हमारे दूरदर्शी नेताओं की सोच का ही नतीजा है कि आज हम कंप्यूटर और इंटरनेट के सहारे दुनिया को आगे बढ़ते देख रहे हैं।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि देश में आधुनिकरण, कंप्यूटर और संचार क्रांति की मंजूरी पर पश्चिमी सभ्यता से देश को खतरा बताने वाले लोग आज अपनी पूरी पार्टी इसी कंप्यूटर और इंटरनेट के सहारे चला रहे हैं। ये लोग पहले कांग्रेस के नीतियों का विरोध करते हैं, बाद में उसी को अपनाकर विकास का दंभ भरते हैं।

संगोष्ठी में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, राजेश सिन्हा सनी, राकेश किरण महतो, गुंजन सिंह, सतीश पॉल मुंजनी, विश्वनाथ मुंडा, डॉ एलिस, अमरनाथ मुंडा, संजीव रंजन, फहद खान, देव शर्मा, परमिंदर मिश्रा, रिशु कुजूर, जमील अख्तर, विक्की ठाकुर, अवलीन सुरेंद्र शामिल थे।

## वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी परिसर में वित्त मंत्री ने राजीव गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

# सर्वकालिक प्रासंगिक नेता थे स्वर्गीय राजीव गांधी उनके योगदान को भूल नहीं सकता देश : डॉ रामेश्वर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने रविवार को वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचईसी परिसर में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुन्द नायक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रोहित उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना, रमेश उरांव, संजीत यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजीव गांधी आज भी प्रासंगिक है और आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे। वह विज्ञान और बदलाव के हमेशा से



समर्थक रहे थे। राजीव गांधी भारत में संचार क्रांति के जनक थे। जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना जैसी अनेक चीज हैं जिन्हें समाज कभी भुला नहीं सकता। राजीव गांधी बदलाव के समर्थक रहे और वे अतीत में भी प्रासंगिक थे और भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे।

आलोक कुमार दूबे ने कहा स्वर्गीय राजीव गांधी विज्ञान और भविष्य की सोच लिए वैज्ञानिक सोच रखने वाले राष्ट्रीय नेता थे। देश और समाज को बदलाव और नवीनता के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने की बात किया करते थे। घर-घर मोबाइल, बच्चों को कम पैसे में गुणात्मक शिक्षा जैसे अनेक कार्य हैं, जिन्हें देश की जनता कभी नहीं भूल पाएगी। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं के लिए आधी सीटें आरक्षित कर देश में बदलाव की नींव रखी। युवाओं को सूचना तकनीक के माध्यम से दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति दी।

डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा मतदान की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर छात्रों को लोकतंत्र में सीधी भागीदारी सुनिश्चित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। कार्यक्रम में राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक परिवार के संयोजक गोपाल कृष्ण झा ने स्वागत भाषण दिया। सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल प्रसाद ने राजीव जी के ऊपर रचित कविता पढ़ी तथा जगदीश कुशवाहा ने गीत प्रस्तुत किया।

प्रतिमा अनावरण समारोह में रोहित उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना, मोख्तार सिंह, शिवाजी सिंह, रमेश उरांव, संजीत यादव, रंजीत महतो, कुमारेश चक्रवर्ती, राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान परिवार के सदस्य गोपाल कृष्ण झा, शिव शंकर सिंह, रामाज्ञा पाण्डेय, डीएन.सिंह, तिलकधारी प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, डीडी प्रसाद, लेथोनिन मिंज, ज्योत्स्ना वाघेला, डॉ वीरेंद्र प्रसाद, सरोजिनी, कविता, संगीता टोप्पो, राजेन्द्र राम, गोपाल ठाकुर, जगदीश कुशवाहा, सुरेश केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है इग्नू: शशि भूषण

**रांची।** कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने ईग्नू के रांची क्षेत्रीय केंद्र पर उप निदेशक डॉ. मोती राम एवं कुछ अभिभावक और विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि इग्नू पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का नतीजा था। यह दुनिया का सबसे बड़ा खुला विश्वविद्यालय है तथा मौजूदा समय में रांची केंद्र से करीब 39 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इग्नू में हमारे भारत समेत अन्य और 33 देशों के लगभग 40 लाख विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। शशि भूषण राय ने राजीव जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# घर कुर्क करने पहुंची पुलिस तो छोटू कुजूर ने किया सरेंडर

**कमल भूषण हत्याकांड**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बड़े बिल्डर व व्यवसायी कमल भूषण हत्याकांड के आरोपी छोटू कुजूर ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। रविवार को रांची पुलिस की टीम बैंड बाजे के साथ छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने गयी थी। घर की कुर्की-जप्ती की कार्रवाई के बीच में ही छोटू कुजूर ने पुलिस से संपर्क किया और कहा कि कार्रवाई रोक दें, वह सरेंडर करने जा रहा है।

लंबे समय से फरार चल रहे छोटू कुजूर ने पुलिस की दबिश बढ़ते ही उसने सरेंडर कर दिया। छोटू कुजूर ने जाने-माने जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड की जिम्मेवारी ली थी, हालांकि इस मामले में रांची पुलिस ने डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में टीम उसके जतराटांड पिस्कामोड़ आवास को कुर्क करने पहुंची तो छोटू कुजूर ने पुलिस को फोन कर कुर्की रोकने का आग्रह किया। आग्रह को स्वीकार करते हुए पुलिस ने कार्रवाई रोक दी। छोटू कुजूर ने गुमला पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया, सुखदेवनगर पुलिस गुमला से रांची ले आई। कमल भूषण हत्याकांड मामले में होटवार जेल में बंद राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट किया गया। कमल भूषण की हत्या 20 मई 2022 को हुई थी।

## अपराधियों की गर्लफ्रेंड पत्नी और रिश्तेदारों पर भी रहेगी पुलिस की नजर

**रांची।** रांची पुलिस मुंबई पुलिस की तर्ज पर रांची जैसे शहरों में भी आपराधिक घटनाओं में महिलाओं की भागीदारी सामने आने पर अब अपराधियों की गर्लफ्रेंड और पत्नी को भी रडार पर रख रही है। हाल के दिनों में ड्रग्स, साइबर ठगी, स्नैचिंग से लेकर हत्या की प्लानिंग तक में शामिल महिलाओं की रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी की गई है। रांची पुलिस के द्वारा अब अपराधियों के गर्लफ्रेंड और पत्नी तक पर निगाह रखेगी। ज्योति भारद्वाज, शबनम, शांति, नेहा सोनी और सुशीला कुजूर ये उन महिलाओं के नाम हैं जो रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के चक्कर कई बार काट चुकी हैं। राजधानी में जेल में बंद सुजीत सिन्हा जैसे अपराधियों की पत्नी, छोटू खान जैसे अपराधी की गर्लफ्रेंड भी अपराध की दुनिया में बहुत सक्रियता के साथ एक्टिव हैं।

## सुसाइड नोट में लिखा- जिस केस में सीबीआई ने दी क्लीनचिट, रामगढ़ पुलिस कर रही परेशान

# बैंक अधिकारी ने की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के अनंतपुर में रहने वाले बैंक ऑफ इंडिया के पीओ ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम सुप्रियो मजूमदार है। सुप्रियो मजूमदार ने 2015 में बैंक ऑफ इंडिया में पीओ के पद पर ज्वाइन किया था। सुसाइड करने के पहले सुप्रियो मजूमदार ने पांच पेज का सुसाइड नोट लिखा है, और अपराधिक षड्यंत्र के बारे में बताया है। फिलहाल इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है।

### सुसाइड नोट में क्या लिखा है...

पांच पन्नों के अपने सुसाइड नोट में सुप्रियो ने बताया कि कैसे पांच साल पहले रामगढ़ में टैंकर लोन देने में बैंक के कुछ अधिकारियों धोखाधड़ी की। फ्रॉड लोन की जांच सीबीआई ने शुरू की और सुप्रियो से भी पूछताछ हुई, पर सारे साक्ष्य देखने के बाद सीबीआई ने सुप्रियो को क्लीन चिट दे दी और वो गवाह बन गए लेकिन इसके बाद बैंक के बाकी अधिकारी जो उस वक्त ब्रांच मैनेजर और क्रेडिट हेड थे, उनके खिलाफ जांच जारी रही। इस बीच एक ग्राहक ने रामगढ़ पुलिस के पास लोन न देने का केस दर्ज करवाया। ऐसे ही मामले की सीबीआई जांच चलते रहने पर भी रामगढ़ पुलिस सुप्रियो को जांच के नाम पर तंग करने लगी। महीनों तक पुलिस के हरासमेंट के बाद सुप्रियो ने इस बेवजह की परेशानी और प्रताड़ना से तंग आकर जान देना ज्यादा मुनासिब समझा। सुप्रियो की कुछ साल पहले ही शादी हुई थी। परिवार में पत्नी के अलावा बैंक ऑफ इंडिया से ही रिटायर्ड पिता और बहन हैं।

## खबर एक नजर में

### एटीएस ने अपराधी रामगढ़ से किया गिरफ्तार



**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने रामगढ़ के अपराधी नरूददीन उर्फ नुरूद्दीन हसन उर्फ चरका को गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने उसके पास से एक पिस्टल, एक मैग्जीन, नौ जिंदा कारतूस जब्त किया है। वह रामगढ़ के पतरातू का रहनेवाला है। उस पर भुरकुंडा थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था। नुरूददीन भोला पांडेय गिरोह का सक्रिय सदस्य है। वह कोयला कारोबारियों, व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर लेवी व रंगदारी वसूलने का काम करता था।

### शराब पीने के बाद युवक ने फोड़ा सुतली बम

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित चूड़ी गली में शराब पीने के बाद हुए विवाद में एक युवक ने सुतली बम विस्फोट किया। घटना में दूसरा युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि शनिवार देर रात कुछ युवक शराब पीकर घर लौटते हुए हंगामा करने लगे। जब इस बात की जानकारी अभिभावकों को मिली तो उनलोगों ने युवकों को डांटना शुरू कर दिया, लेकिन मामला इतना बढ़ा कि दोनों परिवार के कुछ लोग आपस में भिड़ गये। इसी बीच बिट्टू नामक युवक ने गुस्से में आकर गुल के डिब्बे में बनाया गया बम जमीन पर पटक दिया। धमाके में रोहित तिर्की घायल हो गया। सुखदेवनगर थाना की पुलिस चूड़ी गली पहुंची। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। आरोपी बिटटू फरार हो गया।

### सात अपराधियों पर चलेगा मुकदमा

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सात अपराधियों के खिलाफ रविवार को मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। डीसी ने जिन अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी है, उसमें सुखदेवनगर थाना की पुलिस के द्वारा 28 जून को गिरफ्तार किये गये विनय तिग्गा, आकाश कुमार सिंह और अजय नायक है। पिठौरिया पुलिस द्वारा 27 जून को गिरफ्तार किये गये सूरज कुमार राम, कृष्णा कुमार तांती, गुंजन कुमार और सुमित कुमार सिंह शामिल हैं।

### नक्सलियों ने ग्रामीण का गला रेता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गितिलपी में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कदमडीहा पंचायत के उप मुखिया डोरसोना सुरीन के बड़े भाई 63 वर्षीय रांदो सुरीन के रूप में की गई। वह कदमडीहा के तिरिलबुरु गांव का निवासी था। नक्सलियों ने शनिवार की मध्यरात्रि पुलिस का मुखबिर बताकर मार डाला। शव को गोइलकेरा–चाईबासा मार्ग में गितिलपी चौक के पास छोड़ दिया। पास में नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा है। जिन पर पुलिस की मुखबिरी करने वाले एसपीओ को चेतावनी दी गई है।

### विहिप रांची महानगर की बैठक संपन्न

रांची। विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर की बैठक रविवार को महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित विहिप प्रान्त कार्यालय शक्ति आश्रम में हुई। बैठक में दो नगरों की घोषणा हुई जो इस प्रकार है – बाल्मिकी नगर सहमंत्री पिंटू ठाकुर, विवेकानंद नगर सहमंत्री वीएम पांडेय। बैठक में देवी सिंह, रंगनाथ महतो, युगल किशोर प्रसाद, किशुन झा, रविशंकर राय, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुरेन्द्र तिवारी, कैलाश केसरी, दीपक साहू, पारसनाथ मिश्रा, मुरारी प्रसाद, पिंटू कुमार, अनूप कुमार उपस्थित थे।

### कैदी को मोबाइल देने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से सिविल कोर्ट आए कैदी राहुल कुजुर को मोबाइल फोन और सिम कार्ड देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक प्रिंस कुमार सिंह, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुरला पहाड़ स्थित श्रीराम नगर का रहने वाला है। जेल में बंद कैदी राहुल कुजुर कैदी वाहन से सदर कोर्ट हाजत में आया हुआ था। प्रिंस उसको अवैध रूप से मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य सामान देने के क्रम में पकड़ा गया। इस दौरान उसने वहां पर उपस्थित पुलिसबल के ऊपर हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अवैध शराब के साथ छह लोग गिरफ्तार

**भारी मात्रा में देसी और विदेशी शराब बरामद**

**रांची।** सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर राजधानी रांची के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब बरामद किया गया है। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के होराफ में छापामारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं चार आरोपी के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। कांके थाना क्षेत्र के आइटीबीपी रिंग रोड में छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 27 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के बयान के आधार पर आइटीबीपी रिंग रोड स्थित साहू होटल में छापामारी कर एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। साहू होटल से गिरफ्तार आरोपी के बयान पर जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 2 बॉस्को नगर में छापामारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे हटिया ओपी के प्रेमनगर सिंहमोड़ से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# राजधानी के नक्षत्र वन से निकली बाल कांवड़ यात्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन समिति द्वारा राजधानी रांची में रविवार को बाल कांवड़ यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में 150 से भी अधिक 5 से 12 वर्षीय बच्चों ने भाग लिया। यात्रा की शुरूआत नक्षत्र वन से हुई, जहां बाल कांवरियों को कांवड़ में जल देकर संकल्प करा कर रवाना किया गया। यात्रा रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां बाल कांवरियों ने बाबा भोलेनाथ पर जल अर्पण किया।

**सनातन धर्म की जानकारी देना यात्रा का लक्ष्य :** यात्रा में शिव पार्वती की झांकी भी निकाली गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि यह आयोजन दूसरी बार किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शुरूआत से ही सनातन धर्म के बारे में जानकारी देना लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के साथ यह यात्रा निकाली गयी।

राजेश साहू ने बताया कि भविष्य में और भव्य रूप से इस यात्रा का आयोजन होगा। इस वर्ष उम्मीद से बढ़कर बच्चों ने भाग लिया। वहां मौजूद बच्चों के परिजनों ने बताया कि बच्चों में सुबह से ही काफी उत्साह था कि उन्हें कांवड़ लेकर जल अर्पण करने जाना है। बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया।

## कचरे का डंपिंग देख भड़के सांसद संजय

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने रविवार को बड़े ताल का निरीक्षण किया। इस दौरान ताल के दक्षिण में अवस्थित कुंवर श्रीनाथ शाहदेव घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत पुरातात्विक महत्व के संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एसडी सिंह को व्यय होने वाली राशि का आकलन का निर्देश दिया। मालूम हो कि 1845 में निर्मित कुंवर श्रीनाथ शाहदेव घाट का जीर्णोद्धार दो वर्ष पूर्व रांची नगर निगम के द्वारा किया गया है परंतु देख-रेख के अभाव में असमाजिक तत्वों दवारा इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। मौके पर सांसद ने बड़े ताल के पास में स्थित चीनी मिट्टी कारखाना की भूमि का निरीक्षण किया, जहां अवैध रूप से कचरे की डंपिंग की जा रही है। सांसद ने इस पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस विषय को जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम के संज्ञान में लाकर इसके निदान का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान स्थानीय सांसद ने कोतवाली थाना प्रभारी को भी क्षेत्र में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर राधेश्याम नाथ शाहदेव, महेंद्र शाहदेव, संदीप शाहदेव, ऋषि अजातशत्रु, विक्रम शाहदेव, नवल सिंह, भानु प्रताप शाहदेव, उमा नाथ शाहदेव, राजेश शाहू और अशोक मिश्रा समेत अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

## मेफेयर अपार्टमेंट में चल रहा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संपन्न





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ओटीसी मैदान के समीप मेफेयर अपार्टमेंट में बीते 8 दिनों से चल रहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार को हवन और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने मेफेयर अपार्टमेंट के हॉल में भक्ति की गंगा बहायी और रांची वासियों का आभार जताया। श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने कहा कि रांची की जनता से प्यार उन्हें मिला है, उसे भूल नहीं पायेंगे। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को श्रोताओं ने मन से सुना, समझा और देखा। भगवान श्रीकृष्ण के माखन चोरी की कथा के साथ उनके और सुदामा जी के दोस्ती के चर्चे भी यज्ञ स्थल के बाहर होते रहे। इधर समापन के मौके पर 8वें दिन मुख्य यजमान सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन ध्रुव चौरसिया और उनकी पत्नी सरिता चौरसिया समेत अन्य लोगों ने हवन कर यज्ञ को संपन्न कराया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

**कई यादें छोड़ गये श्रीराम कृष्ण जी महाराज :** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण, राधा और सुदामा के साथ-साथ कई यादें छोड़ गये।

## भाजपा कार्यालय में महानगर, मोर्चा और मंडल के पदाधिकारियों की बैठक

# हर शक्ति केन्द्र में बैठक कर संगठन से मिले निर्देश कार्ययोजना और कार्यक्रमों को करें पूरा: केके गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा मंडल प्रभारियों की बैठक रविवार को भाजपा महानगर कार्यालय में हुई। महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि हर शक्ति केन्द्र में बैठक कर संगठन द्वारा निर्देशित सभी कार्य एवं कार्यक्रम पूरे करें। उन्होंने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण आभियान, प्रत्येक महीने होने वाली प्रधानमंत्री की मन की बात प्रत्येक बूथों पर सुनने का कार्यक्रम, बूथ समिति के साथ बैठक एवं आगामी 10 अक्टूबर को मोराबादी मैदान में होने वाली बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन सभा आदि विषयों पर कार्यक्रमों की सफलता के लेकर प्रभावी योजना मंडल अध्यक्षों को बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम की समीक्षा एवं योजना पर उपस्थित जिम्मेवार कार्यकताओं से चर्चा भी की। प्रत्येक मण्डल अध्यक्ष ने विस्तार से अपने मंडल में उक्त सभी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सुनिता सिंह ने कहा कि 27 अगस्त को होने वाली मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केन्द्र में पुनः प्रत्येक शक्ति केंद्र पर करायें। बैठक का संचालन महानगर महामंत्री वरूण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। बैठक में राजू सिंह, ललिता ओझा, जितेन्द्र सिंह पटेल,जितेन्द्र वर्मा, नीरज सिंह, राजा सिंह, अरविंद सिंह पिंटू, सोनू सिंह, अनिता वर्मा, रोमित नारायण सिंह, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, गोपाल सोनी, रामलगण राम, रामजी प्रसाद, पप्पु जयसवाल, दीपक शाह, विकास रवि, सुभाष अग्रवाल, मुनेश्वर साहु, सुजीत शर्मा, सूर्यप्रताप सिंह, हरेन्द्र सिंह, संजय यादव, सन्नी वर्मा, मंटू केशरी, जय मासी तिग्गा, विकास सिंह सहित कई कार्यकर्त्ता थे।

# प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 7 सितंबर तक जमा करें आवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने राज्य में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। झारखंड प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए आवेदन अगामी 7 सितंबर तक किये जा सकते हैं। इस परीक्षा के जरिए राज्य में प्रारंभिक विद्यालयों में स्नातक एवं इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के विभिन्न पदों पर नियुक्ति होगी।

**23 सितंबर तक आवेदन में सुधार**

आयोग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन 8 अगस्त से 7 सितंबर तक किए जा सकते हैं। हालांकि आवेदन 16 अगस्त से शुरू हुआ है। आवेदन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 17 सितंबर है। आवेदन फॉर्म एडिट करने का समय 21 सितंबर से 23 सितंबर को रात 12 बजे तक है।

| | |
|---|---|
| कुल रिक्त पद 26001 | (कक्षा 6 से 8) विज्ञान और गणित |
| | 5008 पद |
| इंटरमीडिएट | (कक्षा 6 से 8) सामाजिक विज्ञान |
| प्रशिक्षित सहायक | 5002 पद |
| आचार्य (कक्षा 1 से 5) 11000 पद स्नातक | स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य |
| प्रशिक्षित। | (कक्षा 6 से 8) भाषा ज्ञान |
| सहायक आचार्य | 4991 पद |

**ये होगा आवेदन शुल्क :** परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपए देने होंगे। वहीं झारखंड के एससी, एसटी अभ्यर्थियों के लिए 50 रुपए देने होंगे। आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा कराया जाएगा।

**आवेदन को जरूरी योग्यता :** झारखंड प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को +2 या स्नातक 50 फीसदी अंकों के साथ पास होना चाहिए। इसके साथ ही बीएलएड या बीएड या संबंधित विषय में स्नातक होना चाहिए। झारखंड टीईटी पास होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए पूर्ण भर्ती विज्ञापन की जांच कर लें।

